भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2510
दिनांक 06 अगस्त, 2024/ 15 श्रावण, 1946 (शक) को उत्तर के लिए

सुरक्षा से संबद्ध व्यय योजना

†2510. श्री चमाला किरण कुमार रेड्डीः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान सुरक्षा से संबद्ध व्यय योजना (एसआरई) के तहत राज्यों को आवंटित धनराशि के विरुद्ध वित्त-प्रतिपूर्ति का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार ने विगत चार वर्षों के दौरान एसआरई योजना के तहत तेलंगाना राज्य को वित्त की प्रतिपूर्ति नहीं की है और यदि हां, तो इसके क्या कारण है; और
(ग) क्या तेलंगाना अकेला राज्य है जिसके वित्त की पूरी प्रतिपूर्ति नहीं की गई है और यदि हां, तो अन्य राज्यों का संबंधित ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री नित्यानंद राय)

(क): सुरक्षा सम्बंधी व्यय (एस आर ई) योजना के अंतर्गत प्रतिपूर्ति आवर्ती और निरंतर प्रकृति की है। पिछले 05 वर्षों में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों को 1685.65 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

(ख) और (ग): एस आर ई योजना के अंतर्गत तेलंगाना सहित वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों को प्रतिपूर्ति योजना के दिशा-निर्देशों, ऑडिट रिपोर्टों, स्वीकृत वार्षिक कार्य योजनाओं और अन्य लागू नियमों के अनुसार की गई है।

लोक सभा अता. प्र.सं. 2510 दिनांक 06.08.2024

एस आर ई योजना के अंतर्गत पिछले 04 वर्षों में तेलंगाना सहित वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों को जारी की गई धनराशि निम्नानुसार है:

राज्य	राशि रुपए करोड़ में			
	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
आंध्र प्रदेश	8.95	10.39	14.23	9.64
बिहार	14.23	11.71	14.15	13.11
छत्तीसगढ़	140.62	136.82	133.35	176.89
झारखंड	77.12	84.45	60.95	102.24
मध्य प्रदेश	0.83	5.08	4.97	6.96
महाराष्ट्र	32.25	10.00	15.15	37.00
ओडिशा	14.10	38.48	49.40	42.80
तेलंगाना	9.44	5.60	11.17	4.66
उत्तर प्रदेश	3.22	0.73	1.51	0.00
पश्चिम बंगाल	3.73	3.69	2.07	6.52
केरल	0.00	0.00	0.00	0.18
कुल	304.49	306.95	306.95	400.00

****